आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून उत्तराखण्ड)
शनिवार 17.05.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- हल्द्वानी में तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा में शामिल हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। कहा– ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत ने अपने वीर सपूतों की बहादुरी का प्रदर्शन किया।
- पिथौरागढ़, चम्पावत, बागेश्वर और पौड़ी में निकाली गई तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा। बड़ी संख्या में पूर्व सैनिकों, युवाओं और आम जनता ने शिरकत की।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आधुनिक तकनीक पर आधारित "ई–रूपी" प्रणाली का शुभारंभ किया।
- चमोली जिले में चालू वित्तीय वर्ष की वार्षिक जिला योजना में 74 करोड़ 28 लाख का परिव्यय अनुमोदित।

**तिरंगा भाौर्य सम्मान यात्रा**

प्रदेश के विभिन्न स्थानों में ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता को लेकर तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा निकाली जा रही है। इसी कड़ी में आज हल्द्वानी में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा में शामिल हुए। यात्रा मिनी स्टेडियम, हल्द्वानी से शहीद पार्क तक निकाली गई। जिसमें हजारों की संख्या में स्थानीय नागरिकों, पूर्व सैनिको, युवाओं और मातृशक्ति ने तिरंगे के साथ पदयात्रा में भाग लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने शहीद स्थल में पुष्प चक्र अर्पित कर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि भी दी। मुख्यमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर में भाग लेने वाले वीर सैनिकों को नमन करते हुए कहा कि भारत ने फिर से यह सिद्ध किया है कि वह आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने में पूरी तरह सक्षम है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत ने अपने वीर सपूतों की बहादुरी का प्रदर्शन किया।

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि आज भारत किसी भी आतंकी चुनौती का मुँहतोड़ जवाब देने में सक्षम है।

**तिरंगा यात्रा पिथौरागढ़**

पिथौरागढ़ जिला मुख्यालय में निकाली गई तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा में केंद्रीय सड़क परिवहन राज्य मंत्री अजय टम्टा सहित बड़ी संख्या में विभिन्न जनसंगठनों, पूर्व सैनिकों और स्कूली बच्चों ने शिरकत की। यात्रा रामलीला मैदान सदर से शुरू होकर नगर भ्रमण करते हुए टकाना स्थित घंटाघर तिराहे में समाप्त हुई। केंद्रीय सड़क परिवहन राज्य मंत्री अजय टम्टा ने कहा कि सेना के शौर्य और पराक्रम से देश की जनता अभिभूत है, जिसे देखते हुए पूरे देश में यह यात्रा निकाली जा रही है।

तिरंगा यात्रा में शामिल महिला प्रशंसा का कहना है कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत जिस तरह से भारतीय सेना ने पाकिस्तान को धूल चटाई है, उससे वे काफी खुश हैं।

उधर, चम्पावत और बागेश्वर में भी तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा निकाली गई।

**तिरंगा यात्रा पौड़ी**

जिला मुख्यालय पौड़ी में गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी और राज्य सभा सांसद महेन्द्र भट्ट के नेतृत्व में तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा शहीद स्मारक एजेंसी चौक से बस अड्डे तक निकाली गई। यात्रा में सैकड़ों पूर्व सैनिकों, कार्यकर्ताओं, छात्र–छात्राओं और नागरिकों ने भाग लिया। इस अवसर पर आयोजित जन सभा को संबोधित करते हुए राज्य सभा सांसद व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट ने कहा कि यह शौर्य यात्रा देश के सैनिकों के सम्मान की यात्रा है।

गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी ने कहा कि सेना के पराक्रम का आभार और सम्मान प्रकट करने के लिए पूरे देश में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है।

तिरंगा यात्रा में शामिल हुई मीना गैरोला ने कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता से हमे बहुत गर्व है।

**ई– रूपी प्रणाली भाुभारंभ**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज सचिवालय में आधुनिक तकनीक पर आधारित "ई–रूपी" प्रणाली का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने राज्य की कृषि व्यवस्था को नई दिशा देने के लिए चार महत्वाकांक्षी कृषि नीतियों का शुभारंभ करते हुए कहा कि ये सभी योजनाएं राज्य की कृषि विविधता को बढ़ावा देंगी और कृषकों की आय में वृद्धि का आधार बनेंगी। उन्होंने कहा कि सरकार जल्द ही प्रदेश में फ्लावर और हनी पॉलिसी भी तैयार करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि ई–रूपी प्रणाली राज्य के अन्नदाताओं के लिए एक नई पहल है। "ई–रूपी प्रणाली" किसानों के लिए पारदर्शी, तेज और बिचौलिया–मुक्त डिजिटल भुगतान का नया माध्यम बनेगी। इसके अंतर्गत पायलट परियोजनाओं में किसानों को मिलने वाली अनुदान राशि ई–वाउचर– एस.एम.एस. या क्यू.आर. कोड के माध्यम से सीधे उनके मोबाइल पर भेजी जाएगी। जिसे वे अधिकृत केंद्रों या विक्रेताओं से खाद, बीज, दवाएं आदि खरीदने में उपयोग कर सकेंगे।

मुख्यमंत्री ने ई–रूपी प्रणाली के सफल क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांव–गांव में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर किसानों को जागरूक किया जाए, ताकि वे इस तकनीक का समुचित लाभ उठा सकें। इन सभी पहलों का उद्देश्य राज्य के पर्वतीय और मैदानी क्षेत्रों में कृषि और रोजगार को सुदृढ़ करना है, जिससे पलायन जैसी समस्या पर भी प्रभावी नियंत्रण पाया जा सके। ये योजनाएं उत्तराखंड को आत्मनिर्भर, सशक्त और अग्रणी कृषि राज्य बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगी।

**जिला योजना चमोली**

कैबिनेट मंत्री और चमोली जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. धन सिंह रावत की अध्यक्षता में क्लेक्ट्रेट सभागर में आज वार्षिक जिला योजना की बैठक संपन्न हुई। बैठक में चालू वित्तीय वर्ष की वार्षिक जिला योजना में 74 करोड़ 28 लाख का परिव्यय अनुमोदित किया गया। इस दौरान डॉ. रावत ने विभिन्न विभागों की प्रस्तावित जिला योजना की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री ने जिलाधिकारी से जिले में

अधिकारियों की स्थिति को लेकर जानकारी मांगी। इस दौरान उन्होंने जिले में रिक्त पदों से संबंधित विभागों के शासन स्तर के अधिकारियों से दूरभाष पर बात करते हुए रिक्त पदों को भरने के भी निर्देश दिए।